## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 12.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. विधानसभा में जल संसाधन विभाग की 23 अरब से अधिक की अनुदान मांग पारित, मंत्री हफीजुल हसन ने कहा–सिंचाई और जल संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
2. राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 40 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, तकनीकी शिक्षा ले रही छात्राओं को भी अब मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ।
3. केंद्र सरकार ने कच्चे तेल की कमी की खबरों को बताया भ्रामक, कहा–देश की रिफाइनरियां 100 प्रतिशत क्षमता पर कर रही हैं काम।
4. राज्य सरकार और आइसीएआर हैदराबाद के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता, रांची की बेकन फैक्ट्री का होगा पुनरुद्धार, मुख्यमंत्री ने कहा–राज्य में मांस प्रसंस्करण को मिलेगी नई दिशा।

और

5. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने एसआईआर को लेकर रांची में राजनीतिक दलों के साथ की अहम बैठक, बीएलओ बांटेंगे फॉर्म और घरों पर लगाएंगे संपर्क स्टीकर।

*****************

विधानसभा के बजट सत्र में आज जल संसाधन विभाग की 23 अरब 16 करोड़ 82 लाख 41 हजार रूपये की अनुदान मांग पारित हो गयी। इस दौरान विभागीय मंत्री हफीजुल हसन ने सिंचाई और जल संरक्षण की योजनाओं को सरकार की प्राथमिकता बताया। विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

*****************

इससे पहले विधानसभा में आज धान खरीद की धीमी रफ्तार को लेकर सदन में तीखी बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर बिचौलियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए खरीद की समयसीमा पर सवाल उठाए।

जवाब देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर खरीद की तिथि 31 मार्च से आगे बढ़ाई जाएगी। सरकार पहली बार किसानों को वन–टाइम भुगतान कर रही है। वहीं, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पैक्स की संख्या बढ़ाने और बेहतर मैपिंग का भरोसा दिया।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मनकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना में संशोधन किया गया है। अब तकनीकी शिक्षा ले रही छात्राओं को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि रांची में ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना और वीमेंस कॉलेज की छात्राओं के लिए 528 बेड वाले छात्रावास के निर्माण का भी निर्णय बैठक में लिया गया।

*****************

झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो ने घरेलू गैस और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने गैस बुकिंग की अवधि 15 से बढ़ाकर 25 दिन किए जाने के फैसले का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इससे गृहणियों और किसानों पर बोझ बढ़ा है।

*****************

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया के हालातों के कारण राज्य में रेस्टोरेंट और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर न मिलने की खबरें पूरी तरह भ्रामक हैं। तेल विपणन कंपनियों–इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम की संयुक्त समिति ने स्पष्ट किया है कि आपूर्ति निरंतर जारी है। वर्तमान में एलपीजी आवंटन की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को सुचारू सेवा मिलती रहे। सरकार ने भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति खतरे में होने और आपूर्ति में बाधा के कारण रिफाइनरियों के काम रुकने की खबरों को भी भ्रामक बताया है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में आज राज्य सरकार और आईसीएआर हैदराबाद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस एमओयू के तहत रांची स्थित बेकन फैक्ट्री का पुनरुद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से राज्य में मांस प्रसंस्करण को नई दिशा मिलेगी और पशुपालकों की आय बढ़ने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर बैठक की। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर–घर जाकर फॉर्म वितरित करेंगे और घरों पर अपना संपर्क स्टीकर लगाएंगे। उन्होंने दलों से बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति तेज करने की अपील की।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज रांची स्थित आवासीय कार्यालय में असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान आगामी असम विधानसभा चुनाव की रणनीति और झारखंड में जारी विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस प्रभारी के. राजू और महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। असम जातीय परिषद के अध्यक्ष लूरिनज्योति गोगोई ने भी श्री सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।

*****************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय रेलवे ने सुरक्षा और परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई और मशीन लर्निंग उपकरणों का उपयोग करते हुए स्मार्ट मॉनिटरिंग को अपनाया है। श्री वैष्णव ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोहरे और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में लोको पायलटों को बेहतर दृश्यता प्रदान करने के लिए त्रि–नेत्र प्रणाली विकसित की जा रही है। श्री वैष्णव ने कहा कि पटरियों के व्यापक निरीक्षण और निगरानी के लिए एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली तैनात की गई है।

*****************

पलामू के सतबरवा प्रखंड के बोहिता गांव में शादी समारोह के दौरान विषाक्त भोजन खाने से करीब 150 लोग बीमार पड़ गए हैं। बीमारों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव के निर्देश पर गांव के स्कूल में ही अस्थायी मेडिकल कैंप लगाया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि कैंप में तीन प्रखंडों की मेडिकल टीम और अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है।

*****************

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी हजारीबाग की टीम ने कोडरमा जिले के चंदवारा थाना के दारोगा पवन कुमार राम को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दारोगा ने एक मामले के निपटारे के लिए रिश्वत मांगी थी। रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद एसीबी टीम आरोपी को अपने साथ हजारीबाग ले गई है। उधर, गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड की पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो को भी एसीबी ने आठ हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

*****************

राज्य में 15 मार्च से मौसम का मिजाज फिर से बदलेगा। मौसम विभाग ने रांची समेत अधिकांश जिलों में गरज के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। अगले कुछ दिनों के लिए बज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दस चक्रों की समाप्ति के बाद अरण्यक घोष और कार्तिकेयन मुरली सहित कई दिग्गज खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। झारखंड के अधिराज मित्रा 24वें स्थान पर रहे। राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी खिलाड़ियों को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी हैं।

*******समाप्त********